अनुसंधान में भाग लेने हेतु लघु रूप सहमति

आपसे अनुसंधान अध्ययन में भाग लेने के लिए कहा जा रहा है। इससे पहले कि आप इस अध्ययन में प्रवेश करने के लिए सहमत हों, यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने द्वारा समझे जा सकने वाली भाषा में इस अध्ययन की स्पष्ट व्याख्या प्राप्त करें। इस सहमति प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने पर जो कुछ के लिए आप सहमत हो रहे हैं उनकी सूची निम्नवत है।

अनुवादक, जो या तो इस अध्ययन को संचालित करने वाले अन्वेषकों में से एक या फिर उनके प्रतिनिधियों में से एक है, ने आपको (1) अनुसंधान के उद्देश्यों, प्रक्रियाओं, तथा अनुसंधान कब तक जारी रहेगा; (2) किन्हीं भी प्रक्रियाओं जो प्रायोगिक हों; (3) समुचित प्रत्याशा-योग्य किन्हीं भी जोखिमों (इस समय ज्ञात संभावित जोखिम); (4) संभावित किन्हीं भी लाभकारी वैकल्पिक प्रक्रियाओं या उपचारों; तथा (5) गोपनीयता कैसे कायम रखी जाएगी; के बारे में आपको समझा दिया है।

जब इस अध्ययन के लिए निर्दिष्ट किया गया हो, तो आपको (1) अध्ययन के दौरान घायल होने पर मिलने वाले किसी भी उपलब्ध प्रतिपूर्ति या चिकित्सीय उपचार; (2) अप्रत्याशित जोखिमों की संभावना (इस समय जो जोखिम ज्ञात नहीं); (3) वे परिस्थितियाँ जब अन्वेषक आपकी सहभागिता रोक सकते हैं; (4) आप पर लगाई गई कोई भी अतिरिक्त लागत; (5) क्या होगा यदि आप भाग लेना बंद करने का निर्णय लेते हैं; (6) कब आपको नए जाँच-परिणामों के बारे में बताया जाएगा जो भाग लेने की आपकी स्वेच्छा को प्रभावित कर सकते हैं; तथा (7) अध्ययन में कितने लोग होंगे; के बारे में बता दिया गया है।

आपको बता दिया गया है कि यदि इस अनुसंधान अध्ययन में होने के परिणामस्वरूप आप घायल होते हैं तो तुरंत जरूरी चिकित्सीय देखभाल आपको दउपलब्ध कराई जाएगी। लेकिन, अध्ययन संबंधित चोट की स्थिति में वेन स्टेट यूनिवर्सिटी एवम इसके सहयोगी संगठनों द्वारा आपको आर्थिक क्षतिपूर्ति या मुफ्त चिकित्सीय देखभाल प्रदान करने की कोई भी प्रतिबद्धता नहीं है।

आपको बता दिया गया है कि यदि इस अध्ययन से संबंधित आपके प्रश्न या समस्याएँ हों तो आप _______________ पर प्रधान अन्वेषक (पीआई) ______________________ से, तथा यदि अनुसंधान अध्ययन, घायल होने पर आप क्या करें, या अनुसंधान प्रतिभागी के रूप में अपने अधिकारों के बारे में आपके कोई प्रश्न हों तो आप 313-577-1628 पर संस्थागत समीक्षा बोर्ड प्रशासनिक कार्यालय (Institutional Review Board Administration Office) से संपर्क कर सकते हैं।

आपको बता दिया गया है कि इस अनुसंधान में आपकी सहभागिता स्वैच्छिक है तथा यदि आप भाग लेने हेतु सहमत होने के बाद भाग लेने से मना करते हैं या छोड़ना तय करते हैं तो आपको दंडित नहीं किया जाएगा न ही आपको लाभों का नुकसान होगा।

यदि आप भाग लेने के लिए सहमत होते हैं तो आपको बता दिया गया है कि आपको इस दस्तावेज की हस्ताक्षरित प्रति तथा अनुसंधान का अंग्रेजी भाषा में लिखित सारांश दिया जाएगा।

इस दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने का अर्थ है कि आपको उपरोक्त सूचनाओं सहित अनुसंधान अध्ययन का वर्णन मौखिक रूप से किया जा चुका है, तथा आप भाग लेने के लिए स्वैच्छिक रूप से सहमत हैं।

____ ____________

प्रतिभागी/कानूनी अधिकृत प्रतिनिधि/रिश्तेदार के हस्ताक्षर तिथि

____ ____________

गवाह के हस्ताक्षर तिथि

____ ____________

अनुवादक के हस्ताक्षर तिथि

08/06/03 संस्करण #1
08/18/03 संस्करण #2
09/17/03 संचालन समिति द्वारा अनुमोदित